**दिनांक 02.01.2026 को सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में Detailed Design and Installation of Exhibit in Newly Constructed "BAPU TOWER", Gardanibagh, Patna कार्य के तृतीय समयवृद्धि के प्रस्ताव पर विचार करने हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही:-**

उपस्थितिः-

1. **श्री कुमार रवि,** - अध्यक्ष
सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
2. **श्री सुरेश प्रसाद प्रभाकर,** - सदस्य
अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिब, भवन निर्माण बिभाग, बिहार, पटना।
3. **श्री ब्रजेश कुमार,** - सदस्य
मुख्य अभियंता(पटना), भवन निर्माण विभाग, पटना।
4. **श्री विकास कुमार पाण्डेय,** - सदस्य
आंतरिक वित्तीय सलाहकार, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

कार्यवाहीः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | योजना का नाम एवं प्रस्ताव | - | **Detailed Design and Installation of Exhibit in Newly Constructed "BAPU TOWER", Gardanibagh, Patna कार्य के समयवृद्धि के संबंध में।** |
| 2. | **योजना की प्रशासनिक स्वीकृति की राशि** | - | ₹44.86 करोड़ (भवन निर्माण विभाग का पत्रांक 122(भ0) दिनांक 07.01.2022) |
| 3. | **विषयांकित कार्य हेतु एकरारनामा की राशि** | - | ₹34,29,43,132.00 |
| 4. | **संविदक का नाम** | - | VAMA COMMUNICATIONS PRIVATE LIMITED, 201-202, SHANAYA, OPP. B.M. ANSTITUTE, N.R. GANDHUGRAM RLY. STATION, ASHRAM ROAD, AHMEDABAD, DIST-AHMEDABAD, GUJARAT-380009 |
| 5. | **एकरारनामा संख्या** | - | SBD-10/2023-24 |
| 6. | **एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारम्भ की तिथि** | - | 06.07.2023 |
| 7. | **एकरारनामा के अनुसार पूर्ण करने की तिथि** | - | 05.04.2024 (09 माह) |
| 8. | **प्रथम समयवृद्धि की तिथि एवं प्रसंग** | - | 30.09.2024 तक (दिनांक 02.08.2024 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक में सशर्त स्वीकृत)। |
| 9. | **द्वितीय समयवृद्धि की तिथि एवं प्रसंग** | - | 31.03.2025 तक (दिनांक 21.03.2025 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक में सशर्त स्वीकृत)। |

10. **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाहीः-**

Detailed Design and Installation of Exhibit in Newly Constructed "BAPU TOWER", Gardanibagh, Patna के निर्माण कार्य का एकरारनामा संवेदक VAMA COMMUNICATIONS PRIVATE LIMITED, 201-202, SHANAYA, OPP. B.M. ANSTITUTE, N.R. GANDHUGRAM RLY. STATION, ASHRAM ROAD, AHMEDABAD, DIST-AHMEDABAD, GUJARAT-380009 से किया गया जिसका एकरारनामा संख्या-SBD-10/2023-24 है। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारम्भ करने की तिथि 06.07.2023 तथा कार्य पूर्ण करने की तिथि 05.04.2024 है। दिनांक 02.08.2024 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक में दिनांक 30.09.2024 तक प्रथम सशर्त समयवृद्धि की स्वीकृति प्रदान की गयी है एवं दिनांक 21.03.2025 को सम्पन्न विभागीय निविदा

समिति की बैठक में दिनांक 31.03.2025 तक द्वितीय सशर्त समयवृद्धि की स्वीकृति प्रदान की गयी है।

अधीक्षण अभियंता, संरचना अंचल, पटना के पत्रांक 469 अनु0 दिनांक 21.10.2025 के द्वारा दिनांक 20.09.2025 तक समयवृद्धि की स्वीकृति का प्रस्ताव अनुशंसा के साथ समर्पित किया गया है।

अधीक्षण अभियंता, संरचना अंचल, पटना के द्वारा समयवृद्धि हेतु समर्पित प्रतिवेदन के अनुसार स्थल निरीक्षण के दौरान उच्च स्तर से प्राप्त निदेश के आलोक में रैम्प एवं आयताकार प्रदर्श गैलरियों में कट-आउट के स्थान पर Mannequin अधिष्ठापन का निदेश दिया गया। तदनुसार दिनांक 21.03.2025 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति में लिये गये निर्णय (बैठक की कार्यवाही ज्ञापांक-829(प) दिनांक 21.03.2025) के आलोक में मुख्य अभियंता(पटना) के पत्रांक 835(प0) अनु0 दिनांक 21.03.2025 द्वारा अतिरिक्त असैनिक कार्य हेतु परिमाण विपत्र अनुमोदित किया गया। उक्त अतिरिक्त कार्य पूर्ण करने हेतु दिनांक 21.03.2025 से दिनांक 20.09.2025 तक अर्थात कुल 183 दिनों का अतिरिक्त समय लगा।

11. **<u>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसाः-</u>**

अधीक्षण अभियंता, संरचना अंचल के द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर सम्यक् विचारोपरात तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के अधिसूचना संख्या-2106(एस) दिनांक 07.03.2017 के आलोक में सर्वसम्मति से विषयांकित विशेष प्रकृति के प्रदर्श कार्य हेतु दिनांक **20.09.2025** तक कुल 183 दिनों की समयवृद्धि स्वीकृत करने की अनुशंसा विभागीय निविदा समिति से इस शर्त के साथ की जाती है कि दिनांक **20.09.2025** तक के समयवृद्धि की अवधि में संवेदक को किसी भी प्रकार की क्षतिपूर्ति/एस0बी0डी0 के कंडिका-10सी0सी0/10सी0ए0 के तहत सामग्रियों के दर में बढ़ोत्तरी का दावा मान्य नहीं होगा। कार्यपालक अभियंता, संरचना प्रमंडल संख्या-1, पटना इस संबंध में कार्यकारी एजेन्सी से सहमति पत्र प्राप्त कर ही अग्रेतर कार्रवाई करेंगे।

12. **<u>विभागीय निविदा समिति का निर्णयः-</u>**

सम्यक् विचारोपरात विभागीय निविदा समिति द्वारा सर्वसम्मति से तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा के आलोक में विषयांकित कार्य का समयवृद्धि दिनांक **20.09.2025** तक स्वीकृत करने का निर्णय पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के अधिसूचना संख्या-2106(एस) दिनांक 07.03.2017 के आलोक में इस शर्त के साथ लिया गया कि दिनांक **20.09.2025** तक के समयवृद्धि की अवधि में संवेदक को किसी भी प्रकार की क्षतिपूर्ति/एस0बी0डी0 के कंडिका-10सी0सी0/10सी0ए0 के तहत सामग्रियों के दर में बढ़ोत्तरी का दावा मान्य नहीं होगा। समयवृद्धि की स्वीकृति संबंधी आदेश निर्गत करने हेतु मुख्य अभियंता(पटना) को प्राधिकृत किया गया।

इस कार्यवाही को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड की जाय।
अंत में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2/1/26 | 02/1/2026 | 02/1/26 | 2/1/26 |
| (विकास कुमार पाण्डेय)<br>आंतरिक वित्तीय सलाहकार,<br>भ0नि0वि0, बिहार, पटना | (ब्रजेश कुमार)<br>मुख्य अभियंता(पटना)<br>भ0नि0वि0, बिहार, पटना | (सुरेश प्रसाद प्रभाकर)<br>अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव,<br>भ0नि0वि0, पटना | (कुमार रवि)<br>सचिव,<br>भवन निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना |

ज्ञापांक- भवन/मु0अभि0(प0)यो0प्राक0-1-45/2018(अंश-2) -15 (1)    पटना, दिनांक- 05/01/26

प्रतिलिपि-आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, पटना को विभागीय बेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

(ब्रजेश कुमार)
मुख्य अभियंता(पटना),
भवन निर्माण विभाग, पटना